दृष्टि The Vision

S.K-4

# सामान्य अध्ययन ( टेस्ट - IV )

# GENERAL STUDIES (Test - IV)

**मॉड्यूल - IV / Module - IV**

DTVF/17-M-**GS4**

*निर्धारित समय: तीन घंटे*
*Time allowed: Three Hours*

*अधिकतम अंक: 250*
*Maximum Marks: 250*

नाम (Name): Arvind Pratap Singh

क्या आप इस बार मुख्य परीक्षा दे रहे हैं? | हाँ | ✓ | नहीं | |

मोबाइल नं. (Mobile No.): ____________

ई-मेल पता (E-mail address): ____________

टेस्ट नं. एवं दिनांक (Test No. & Date): ____________

रोल नं. [यू.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा-2017] [Roll.No. UPSC (Pre) Exam-2017]:


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 5 | 0 | 6 | 0 | 7 | 3 |

परीक्षा का माध्यम (Medium of Exam.): हिन्दी

विद्यार्थी के हस्ताक्षर (Student's Signature): अरविंद

नोट: प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश अंतिम पृष्ठ पर संलग्न है।

## Evaluation Analysis




641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias



Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

दृष्टि The Vision

# व्यापक विश्लेषण / Macro Analysis

1. कृपया! तर्क के रूप में संविधान, कानून, नियम, विनियम और एथिक्स शब्दावली का प्रयोग करें।

2. Case study में जहाँ जितना पूछा जाये उतना ही लिखें। गुण - अवगुण प्रत्येक विकल्प के सन्दर्भ में लिखें।

| Grade Card | |
|---|---|
| Grade 'A' | Very Good |
| Grade 'B' | Good |
| Grade 'C' | Satisfactory |
| Grade 'D' | Poor |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

## खण्ड - A / SECTION - A

1. मूल्य, धर्म और आचार-नीति मानवीय व्यवहार को नियंत्रित करने वाले महत्त्वपूर्ण कारक हैं। (150 शब्द) 10

Value, Religion and Ethics are the important factors to control human behavior. (150 Words) 10

(a) चर्चा कीजिये कि ये कैसे मानवीय व्यवहार को नियंत्रित करते हैं?

Discuss, how these traits control human behavior?

सामाजिक प्राणी के रूप में मानव और मानवीय व्यवहार को नियंत्रित करने में मूल्य, धर्म और आचार-नीति की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। सर्वप्रथम धर्म को लें तो धर्म उन आदर्शों और नियमों का संग्रह है जो व्यक्ति के आध्यात्मिक वृत्त का निर्माण करते हैं। इस वृत्त में ईश्वर, आत्मा, जीव, जगत सम्बंधी जिज्ञासाओं के समाधान के साथ-साथ धार्मिक नियमों का भी प्रतिपादन किया जाता है, जो व्यक्ति के कर्म और आचरण को नियंत्रित करते हैं। धर्म खान-पान, रहन-सहन, त्योहार, सामूहिकता के साथ-साथ पारिवारिक जीवन के सम्बंध में भी पथ-प्रदर्शन करता है।

आचार-नीति का तात्पर्य उन मूल्यों और नैतिक मानदण्डों के समुच्चय से है जो व्यक्ति के कर्म और आचरण का मूल्यांकन करते हैं। वहीं मूल्य को उन विश्वासों के रूप में


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

परिभाषित किया जा सकता है जो बताते हैं कि क्या करना उचित है और क्या करना अनुचित।

धर्म, मूल्य और आचार-नीति अपने-अपने अनुसार व्यक्ति को वरणीय और अवरणीय व्यवहार में अंतर बताते हैं। समाज में व्यक्ति इन्हीं निर्देशों के अनुसार आचरण करे, इस सम्बंध में आंतरिक और बाह्य दबाव का भी निर्माण करते हैं। इस प्रकार इनकी भूमिका व्यापक दिशा-निर्देश की होती है।

—— x ——

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | | | | | | | |
| Grade | | | | | | | |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(b) उदाहरण देते हुए बताएँ कि ये एक-दूसरे से कैसे भिन्न और समान हैं?
With Illustration, show that how these traits are different and similar to each other?

परम्परागत समाज में आचार-नीति का निर्धारण धर्म के अनुसार होता है। जैसे-जैसे समाज का विकास होता जाता है वैसे-वैसे धर्म और आचार-नीति का अंतर बढ़ता जाता है। जैसे जैन धर्म में सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य के रूप में पांच महाव्रतों का उल्लेख है परन्तु कृषिप्रधान समाज और औद्योगिक समाज में सत्य और अस्तेय की परिभाषा तो वही है परन्तु अहिंसा और अपरिग्रह के मापदे बदल गए हैं।

उपरोक्त उदाहरण से स्पष्ट है कि मूल्य भी समाज के विकास के साथ-साथ बदलते रहते हैं। जैसे स्त्रियों के बारे में भारतीय मूल्य पिछले 100 वर्षों में काफी बदले हैं।

इस प्रकार एक आधुनिक समाज में धर्म और आचार शास्त्र का सम्बंध भिन्नवत है-

धर्म  आचारशास्त्र

इन तीनों की तुलना करनी है कि कैसे ये समान है और कैसे भिन्न


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

धर्म और आचार-नीति से पृथक् भी मूल्यों का अस्तित्व हो सकता है। जैसे संवैधानिक मूल्य और प्रशासनिक मूल्य - निष्पक्षता, पारदर्शिता आदि।

———X———

1½

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1 | ½ | — | | | |
| Grade | | C | D | | | | |

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

2. (a) वर्तमान में राजनैतिक और प्रशासनिक स्तर पर नैतिकता में गिरावट दर्ज की जा रही है, जो सामाजिक और आर्थिक न्याय की प्राप्ति में बाधक कारक बन गया है। इस नैतिकता में गिरावट के कारणों को बताएँ तथा राजनैतिक और प्रशासनिक जीवन में नैतिकता की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसमें सुधार हेतु सुझाव दें। (150 शब्द) 10

It has been witnessed that, there is a decline in morality at political and administrative level, which poses hinderance in achieving social & economic justice. Give forth the reasons for decline in morality, and put forward your suggestions to improve it while highlighting the importance of morality in political and administrative life. (150 words) 10

वर्तमान में राजनैतिक और प्रशासनिक स्तर में भ्रष्टाचार, उपभोक्तावाद, सामूहिकता में कमी, व्यक्तिवाद, संक्रमणशील समाज, धार्मिक प्रभाव में कमी और नैतिक शिक्षा के अभाव आदि कारणों से नैतिकता में गिरावट दर्ज की जा रही है।

सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और लोककल्याण जैसे राजनीतिक-प्रशासनिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नैतिकता की अपरिहार्य आवश्यकता से इंकार नहीं किया जा सकता है। नैतिकता के अभाव में न तो निष्पक्षता, समानुभूति और सत्यनिष्ठा जैसे गुणों का विकास किया जा सकता है और न ही व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित किया जा सकता है कि वह व्यापक सामाजिक कल्याण के लिए अपने स्वार्थ का


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

त्याग कर दे।

नैतिकता के विकास हेतु निम्न उपाय अपनाए जा सकते हैं:-

1. नैतिक शिक्षा को शिक्षा का मूलभूत अंग बनाया जाए।
2. संवैधानिक मूल्यों को बच्चों में विकसित करने के लिए पाठ्येतर गतिविधियाँ।
3. कोड ऑफ एथिक्स और कोड ऑफ कंडक्ट का विकास किया जाए।
4. प्रोत्साहन और दण्ड की व्यवस्था।
5. विकेंद्रीकरण और सामाजिक सहभागिता।

—— x ——

3½

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 2 | 1½ | — | — | — | — |
| Grade | | B | C | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(b) निम्नलिखित पर चर्चा करें: (150 शब्द) 10

Discuss the following: (150 words) 10

(i) व्यापारिक नैतिकता

Business Ethics

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

व्यापारिक नैतिकता से तात्पर्य उन मूल्यों और मानदण्डों से है जो व्यापार के लिए निर्धारित किए गए हैं। व्यापार के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मानदण्ड भी हो सकते हैं। पर व्यापारिक नैतिकता के अनुसार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, प्रबंधन - कर्मचारी सहयोग, उत्पाद की गुणवत्ता, सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और ग्राहक संतुष्टि जैसे तत्त्व समाहित होते हैं।

सेबी और CII, FICCI जैसे संगठन इस नैतिकता का पालन करवाने वाले बाह्य व आंतरिक संगठन हैं।

इससे जहाँ स्वस्थ वातावरण के रूप में व्यापार लाभान्वित होता है वहीं व्यापक अर्थव्यवस्था व समाज भी। इसका पालन अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

—— X ——


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(ii) मीडिया नैतिकता
Media Ethics

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा गया है। मीडिया नैतिकता से तात्पर्य निष्पक्षता, पारदर्शिता, स्रोत की सुरक्षा, जनहित, और बौद्धिक सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों और मानकों से है।

महत्त्वपूर्ण भूमिका होने से यदि मीडिया इस नैतिकता का पालन नहीं करता है तो न सिर्फ मीडिया की छवि खराब होती है वरन सम्पूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था के ही खतरे में पड़ जाने की सम्भावना है।

पेड न्यूज, फेक न्यूज और कारपोरेट मीडिया के रूप में हम इस नैतिकता के ह्रास को देख सकते हैं।

—— X ——


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

3½

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 2 | 1½ | — | — | — | — |
| Grade | | B | C | | | | |

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

3. (a) नैतिक शासन और नैतिक प्रबंधन को परिभाषित करते हुए इनके महत्त्व को रेखांकित करें। (150 शब्द) 10

Define ethical governance and ethical management and highlight their importance. (150 words) 10

शासन और प्रबंधन में नैतिकता के पालन और नैतिक उद्देश्यों की ओर बढ़ते रहने से नैतिक शासन और नैतिक प्रबंधन का जन्म होता है। नैतिक शासन सुशासन से मिलती-जुलती अवधारणा है जहां शासन अपने कार्य-व्यवहार में निष्पक्षता, प्रतिबद्धता, पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और समानुभूति जैसे मूल्यों का पालन सुनिश्चित करता है।

RTI, सिटीजन चार्टर, सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय के साथ-साथ समावेशी विकास के माध्यम से नैतिक शासन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

वहीं नैतिक प्रबंधन का तात्पर्य नैतिक मूल्यों और मानदण्डों के अनुसार प्रबंधन क्षमता से है। सार्वजनिक और निजी संस्थानों में


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

नैतिक प्रबंधन के मानदण्ड भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। फिर भी कर्मकारों की सहभागिता, प्रबंधन-कर्मकार सहयोग उचित कार्य-संस्कृति उत्पाद की गुणवत्ता और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन (CSR) दोनो प्रकार के क्षेत्रों में ही नैतिक प्रबंधन के अनिवार्य अवयव हैं।

——— x ———

2½

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1½ | 1 | — | | | |
| Grade | | C | C | | | | |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

(b) भारत की कार्यपालिका में अधिकारी वर्ग एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है, जो संवैधानिक उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण सहयोगी है। हालाँकि इसके लिये सिविल सेवक में लोकतांत्रिक अभिवृत्ति का होना आवश्यक है। चर्चा करें। (150 शब्द) 10

In Indian Executive, Bureaucracy is an important pillar, which is an important associate in achieving constitutional goals. However a civil servant requires democratic aptitude for this. Discuss. (150 words) 10

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

भारत में कार्यपालिका के दो भाग हैं। राजनीतिक कार्यपालिका निश्चित समयांतराल (प्राय: 5 वर्ष) में परिवर्तित होती रहती है। स्थायी कार्यपालिका के रूप में अधिकारी वर्ग और उनके अधीनस्थों पर यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे समता, समानता, स्वतंत्रता, न्याय जैसे संवैधानिक उद्देश्यों की ओर बढ़ते रहें।

परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि औपनिवेशिक प्रभाव के रूप में अधिकारी मनोवृत्ति की बजाय वर्तमान सिविल सेवक स्वयं में लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों का विकास करें। इसके लिए एक सिविल सेवक को सेवा-भाव और कर्त्तव्य भावना का विकास करना होगा। पदानुक्रम के स्थान पर नेटवर्क आधारित, अनामता के स्थान पर पारदर्शिता, आदेश-पालन

लोकतांत्रिक अभिवृत्ति को परिभाषित करें।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

के स्थान पर सहभागिता, केंद्रीकरण के स्थान पर विकेंद्रीकरण, नियम-पालन के स्थान पर लचीलापन का विकास कर ही एक सिविल सेवक लोक कल्याणकारी राज्य की आवश्यकतानुसार समावेशी विकास की प्राप्ति में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकता है। ये लोकतांत्रिक अभिवृत्तियाँ ही उसे सही अर्थ में सिविल-सेवक सिद्ध करती हैं।

———X———

यदि लोकतांत्रिक अभिवृत्ति नहीं होगी तो क्या होगा?

2

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1 | 1 | | | | |
| Grade | | C | C | | | | |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

4. (a) सत्यनिष्ठा और ईमानदारी से क्या तात्पर्य है? एक प्रशासक के लिये इनका क्या महत्त्व है? चर्चा करें। (150 शब्द) 10

What do you mean by integrity and honesty? What are the significance of these for an administrator? Discuss. (150 words) 10

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

सत्यनिष्ठा से तात्पर्य सिद्धांत और व्यवहार के मध्य पाई जाने वाली सुसंगति से है। इसके लिए व्यक्ति के सम्मुख नैतिक मानदण्डों का आशय और पदानुक्रम स्पष्ट होना जरूरी है।

एक सत्यनिष्ठ प्रशासक को निर्णय लेने में दुविधा का सामना नहीं करना पड़ता है। क्योंकि किस परिस्थिति में कौन सा मूल्य सही है और कौन सा आचरण करना चाहिए यह उसे स्पष्ट रहता है। सत्यनिष्ठा के परिणामस्वरूप सिविल सेवक की साख और विश्वसनीयता बनती है, उसे महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मिलती है और कभी गलती हो जाने पर उसकी नीयत पर शक नहीं किया जाता।

ईमानदारी से तात्पर्य है बिना लाभ या लोभ के किया गया व्यवहार।

एक ईमानदार प्रशासक भ्रष्ट व्यवहारों में लिप्त नहीं होता और प्रायः ईमानदार व्यवहार



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

से प्रशासन में सत्यनिष्ठा का विकास होता है। ईमानदार प्रशासक को भी अपरोक्ष प्रकार से लाभ मिलता है।

ये लाभ ईमानदार और सत्यनिष्ठ प्रशासक के नैतिक मन को सुदृढ़ करते रहते हैं। संवैधानिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हमें ऐसी ही मनोवृत्ति से परिपूर्ण प्रशासकों की आवश्यकता है।

———x———

2½

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1½ | 1 | — | — | — | — |
| Grade | | C | C | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(b) निम्नलिखित को परिभाषित करते हुए प्रशासन में इनके महत्त्व को बताएँ। (150 शब्द) 10

Define the following and discuss their significance in administration. (150 words) 10

(i) पारदर्शिता (Transparency)

पारदर्शिता से तात्पर्य अपने कार्य और व्यवहार तक सार्वजनिक पहुँच उपलब्ध कराना है। पारदर्शी कार्यशैली से जनता का विश्वास और सहभागिता प्राप्ति होती है और भ्रष्टाचार को समाप्त करने में मदद मिलती है।

(ii) जवाबदेही (Accountability)

जवाबदेही का अर्थ है(i)अपने कर्त्तव्यों का निष्पक्षतापूर्वक पालन, और
(ii) विवेकाधिकार के अंतर्गत किए गए कृत्यों की, आवश्यकता पड़ने पर तार्किक व्याख्या कर सकने की क्षमता।

प्रशासन में जवाबदेही से लोकतांत्रिक मूल्य सुदृढ़ होते हैं और प्रशासक का कर्त्तव्य निर्वहन सुनिश्चित होता है।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

(iii) निष्पक्षता (Impartiality)

निष्पक्षता का अर्थ है बिना किसी भय, लाभ, राग-द्वेष के तार्किक और वस्तुनिष्ठ आधारों पर निर्णय लेने का गुण।

निष्पक्ष प्रशासन में स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा, उच्चतम लाभ, आर्थिक विकास और सामाजिक-आर्थिक न्याय जैसे लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

3½

(iv) गैर-पक्षपात (Non-Partisanship)

गैर-पक्षपात का अर्थ है कि अपने कार्य-व्यवहार में किसी प्रकार के राजनैतिक मतवाद से प्रभावित न होना।

भारत में कार्यपालिका का राजनैतिक नियंत्रण बदलता रहता है। ऐसे में प्रशासन को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए गैर-पक्षपात का गुण बनाए रखना चाहिए।

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 2 | 1½ | | | | |
| Grade | | B | C | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

5. हाल के वर्षों में न्यायपालिका की नैतिकता में गिरावट देखने को मिली है। इसमें कौन-कौन से नैतिक मुद्दे शामिल हैं? एक न्यायाधीश में किन नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है? सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्यायाधीशों के संबंध में जारी आचरण संबंधी गाइडलाइन की पर्याप्तता का मूल्यांकन कीजिये। (150 शब्द) 10

In recent years, it has been witnessed that morality in judiciary has declined. What are the moral issues involved in it? What are the moral value must be possessed by a judge. Evaluate the adequacy of guidelines issued by Supreme Court related to conduct of judges. (150 words) 10

न्यायपालिका की नैतिकता में गिरावट : सम्मिलित मुद्दे निम्न हैं:-

- भ्रष्टाचार
- भाई-भतीजावाद
- न्याय व्यवस्था पर में लोगों का में अविश्वास
- शक्ति केंद्रीकरण की प्रवृत्ति
- अपारदर्शिता
- उत्तरदायित्व का अभाव

न्यायाधीश के लिए आवश्यक मूल्य

अध्यवसाय
धैर्यपूर्वक सुनना
निष्पक्षता
ईमानदारी
सत्यनिष्ठा
समानुभूति (वंचित वर्गों के प्रति।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

पर्याप्तता का मूल्यांकन करता है।

SC की गाइडलाइन इन गुणों की पुनः प्रतिष्ठा के माध्यम से न्यायप्रक्रिया में लोगों का सम्मान वापस लाना चाहती है जो लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त है।

2½

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1½ | 1 | | | | |
| Grade | | C | C | | | | |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

6. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने विशिष्ट परिस्थितियों में 24 सप्ताह बाद भी गर्भपात कराने की अनुमति प्रदान की है। क्या ऐसी स्थिति में भ्रूण के अधिकारों का हनन हो सकता है? क्या माता के प्रजनन की स्वायत्तता का अधिकार भ्रूण के अधिकार से ऊपर है? नैतिक समस्याओं को शामिल करते हुए मूल्यांकन करें। (150.शब्द) 10

Recently Supreme Court allowed abortion even after 24 weeks of pregnancy under special circumstances. Do these conditions can abuse the rights of fetus? Does right of mother to produce is superior than rights of fetus? Evaluate while including moral problems. (150 words) 10

ऐसी स्थिति में भ्रूण के अधिकारों का हनन हो सकता है जो अवैध ढंग से होने वाले गर्भपातों में भी प्रचलन में है।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में सुरक्षित गर्भपात की चिंता भी शामिल है। 24 सप्ताह से अधिक के मामलों में तभी अनुमति मिलेगी जब मेडिकल बोर्ड ऐसा अनिवार्य माने और माता या भ्रूण के जीवन पर गर्भपात न करने पर खतरा माने।

जीवन के अधिकार के दोनों रूप समान हैं। दोनों की रक्षा की जानी चाहिए। परन्तु प्रजनन की स्वायत्तता के अधिकार को भ्रूण के जीवन के अधिकार पर मान्यता देना मूल रूप से अनैतिक है पर विशाल जनसंख्या वाले देश में यह चिंता अभी इतनी नहीं है।

यद्यपि कि माता के जीवन और भ्रूण



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

के जीवन के अधिकार में से माता को वरीयता देना (परिस्थितिगत) नैतिक कृत्य होगा।

यह संतुलन ही न्यायालय को मामला दर मामला विचार करने और मेडिकल बोर्ड के प्रावधान से आता है।

(2)

कृपया। तर्क के रूप में संविधान, कानून, नियम, विनियम और एथिक्स शब्दावली का प्रयोग करें।

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1 | 2 | | | | |
| Grade | | C | C | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

7. चिकित्सकीय नैतिकता से क्या तात्पर्य है? एक चिकित्सक में किन मूल्यों का होना आवश्यक है? चर्चा करें। (150 शब्द) 10

What do you mean by Medical Ethics? What virtues a medical practitioner should posses? Discuss. (150 words) 10

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

'चिकित्सकीय नैतिकता' में शामिल है -

रोगी को योग्यतानुसार सर्वश्रेष्ठ सलाह देना

लाभ, लोभ से निर्णय न लेना।

सर्जरी तभी करना जब उसके विशेषज्ञ हो।

रोगी की निजता का सम्मान

लाभ की अधिकता के कारण वर्तमान में चिकित्सकीय नैतिकता में पतन हुआ है।

एक चिकित्सक में जिज्ञासा, धैर्य, समानुभूति, दया, अध्यवसाय जैसे मूल्यों का होना आवश्यक है।

— x —

चिकित्सक के नैतिक मूल्य ↑ स्वायत्तता, गैर-हानिकारक, न्याय - व्यक्तियों का, निष्पक्षता, सच्चाई, समानता, ईमानदारी

चिकित्सकीय नैतिकता को परिभाषित करें।

1


Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3



कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | | 1/2 | 1/2 | | | | |
| Grade | | D | D | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

8. नैतिक दार्शनिकों/विचारकों के दो अवतरण दिये गए हैं। प्रकाश डालिये कि इनमें से प्रत्येक का, वर्तमान संदर्भ में आपके लिये क्या महत्त्व है?

Two quotations of great moral thinkers/philosophers are given below. For each of these quotations, bring out what it means to you in present context.

(a) "दूसरों पर वह कभी न थोपो, जो तुम अपने लिये नहीं चुनोगे।" –कन्फ्यूशियस (150 शब्द) 10

"Never impose on others what you would not choose for yourself." –Confucius (150 words) 10

कन्फ्यूशियस का यह सिद्धांत भिन्न-भिन्न रूप में गांधी, तुलसी व ईसाइयत के मूल्यों में दिखता है जिसे Reciprocity कहते हैं।

जिसे भारतीय दर्शन में 'अयं निजः परोवेति' की भावना से ऊपर उठना बताया गया है और सभी को अपने बराबर महत्त्व देना।

1½

इससे 'स्व' और 'पर' का भेद मिट जाएगा और समाज आदर्श की ओर अग्रसर होगा।

~~कुछ~~ वर्तमान संदर्भ में आपसी झगड़ों से लेकर आतंकवाद, राष्ट्रों के मध्य संघर्ष तक में यह भावना सुधार ला सकती है।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1 | ½ | | | | |
| Grade | | C | D | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(b) "मानवता की पहली शर्त है- जरा-सी विनयशीलता तथा व्यक्ति के आचरण के सही होने के बारे में जरा-सा संकोच और जरा-सी ग्रहणशीलता" -गांधी जी। (150 शब्द) 10

First pre-condition of humanity is– "a little bit of humility and a bit of acceptance about the modesty and the conduct of a person" –Gandhi ji. (150 words) 10

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

आज अधिकांश समस्याएँ और नैतिक ह्रास अहंकार और अज्ञानता का परिणाम है। इसी संदर्भ में गांधीजी का कथन है कि विनयशीलता जहाँ अहंकार में कमी लाती है और अच्छा आचरण करने पर भी संकोच व्यक्तित्व में विनम्रता लाता है वहीं ग्रहणशीलता से जिज्ञासा और दूसरे के अनुभवों, संस्कृतियों से सीखने का मौका मिलता है।

यह अवसर हमारे ज्ञान की सीमा दिखाकर पुनः हमें विनम्र बनाता है।

इन गुणों से हम पुनः नैतिक समाज की स्थापना कर शांति और सह अस्तित्व का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

1½



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | — | 1 | ½ | — | — | — | — |
| Grade | | C | D | | | | |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

## खण्ड - B / SECTION - B

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

9. भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय बाद क्रिकेट मैच खेला जाना है, जो कि कूटनीतिक दृष्टि से दोनों देशों के मध्य संबंध सुधारने के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आपको हाल में भारतीय क्रिकेट टीम में चुना गया है। मैच से एक दिन पहले आप अपने टीम के सदस्यों के बीच मैच फिक्सिंग को लेकर चर्चा सुनते हैं। कुछ समय बाद आपकी टीम का कप्तान आपको 1 करोड़ का ऑफर देता है तथा ऑफर स्वीकार न करने पर आपको टीम से बाहर निकालने की धमकी देता है। आप लंबे समय की मेहनत के बाद योग्यता के आधार पर टीम में चुने गए हैं और आप इस मौके को किसी भी हाल में खोना नहीं चाहते। साथ ही, आपके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमज़ोर है। प्रथमतः आप चुप रहने का फैसला करते हैं किंतु आपका अंतःकरण इसको स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं है। (250 शब्द) 20

Cricket is going to be played between India and Pakistan after a long time which is diplomatically extremely important. You have recently been selected in the Indian cricket team. Before the match you hear something about match fixing between your team members. After a while the captain of your team offers you 10 million and threatens to expel you from the team if you do not accept the offer. After working hard for long time you have been selected in the team on the basis of merit and you do not want lose this opportunity in any case. At the same time financial condition of your family is extremely fragile. Firstly you decide to keep quiet but your conscience is not ready to accept it. (250 words) 20

(a) आपके पास कौन-कौन से विकल्प हैं?

(a) What choices do you have?

इस परिस्थिति में 'मैच फिक्सिंग' का मुद्दा मेरे सामने है। इसमें भ्रष्ट-आचरण, कर्तव्य पथ से विमुख होना, देशहित के प्रतिकूल आचरण और स्वार्थ बनाम राष्ट्रहित जैसे मुद्दे शामिल हैं।

यद्यपि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और मेरी मेहनत व्यर्थ होने की आशंका है परन्तु चुप रह जाना और कप्तान के ऑफर को स्वीकार कर लेना मेरी दृष्टि में


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में मेरे सम्मुख निम्न विकल्प हैं-

(i) गुण-अवगुण पर परखने के लिहाज से पहला विकल्प है ऑफर स्वीकार करना।

(ii) जो साथी उस चर्चा में सम्मिलित ~~नहीं~~ हैं, उनसे बातकर उन्हें इस कृत्य में शामिल होने से रोकना।

(iii) अन्यथा की स्थिति में शेष साथियों से सलाह-मशविरा कर कोच और मैनेजर को सूचित करना।

(iv) क्रिकेट बोर्ड को सूचित करना।

(v) मीडिया के माध्यम से व्यापक जनता को इस तथ्य से अवगत कराना। - व्हिसलब्लोअर की भूमिका का निर्वहन।

| | Introduction | Context | Content | Language | Current Link / Examples | Conclusion | Error |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks | | | | | | | |
| Grade | | | | | | | |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(b) विभिन्न विकल्पों के गुण-अवगुण बताते हुए उच्चतम विकल्प बताएँ।

(b) Suggest the best option while explaining the pros and cons of different options.

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

मेरा मत है कि एक खिलाड़ी होने के नाते चुप रह जाना मेरा खेल-भावना को धोखा देना होगा। फिर इस मुद्दे के जनता के समक्ष आने पर टीम में स्थान के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा की भी अपूर्णीय क्षति होगी।

टीम-भावना के तहत मुझे सबसे पहले अपने साथियों को ऐसा आचरण न करने के लिए मनाना होगा और इसके लिए मैं उन्हें मैच फिक्सिंग के दुष्परिणाम से अवगत कराऊँगा। संभव है वे न माने और मेरा अहित करने का प्रयास करें पर जो भी क्षति होगी वह सामयिक होगी।

अन्य विकल्प मूलतः भ्रष्ट आचरण को रोकने से सम्बंधित हैं। चूंकि सीधे मीडिया मे जाने से सिर्फ उन खिलाड़ियों को ही दण्ड नहीं मिलेगा वरन खेल की प्रतिष्ठा को भी चोट पहुंचेगी। इसलिए मुझे अतिवादी

कुण क्यों है?



Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
